Ans. (c) : राजस्थान सरकार द्वारा एम सैंड नीति 2021 जारी की गई है। एम. सेंड का अर्थ हैं मैन्युफैकचरिंग सैंड। प्रदेश में बिल्डिंग निर्माण में बजरी की कमी को दूर करने के लिए माइनिंग खानों से निकलने वाले अपशिष्टों से बजरी का निर्माण किया जाएगा। इससे बालू की कमी संबंधी समस्या को दूर किया जा सकेगा।

2030. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-

सूची- I
(जिला)
(A) उदयपुर **(B) नागौर**
(C) भीलवाड़ा **(D) कोटा**
सूची-II
(प्रमुख उद्योग)
(i) सफेद सीमेन्ट
(ii) रसायन
(iii) वस्त्र उद्योग
(iv) सीसा एवं जस्ता
कूट :
(a) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(b) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(c) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(d) A-(iv), B-(i), C-(iii), D-(ii)

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (d) : सही सुमेलित है-

सूची- I (जिला)	**सूची- II (प्रमुख उद्योग)**
(A) उदयपुर	सीसा एवं जस्ता
(B) नागौर	सफेद सीमेन्ट
(C) भीलवाड़ा	वस्त्र उद्योग
(D) कोटा	रसायन

2031. राजस्थान में कितने जिला उद्योग केन्द्र कार्यरत हैं?
(a) 36 (b) 33 (c) 31 (d) 29
उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- प्रत्येक जिले में लघु और कुटीर उद्योगों के प्रोत्साहन हेतु जिला उद्योग केन्द्र की स्थापना की गई है। वर्तमान में राजस्थान में कुल 36 जिला उद्योग केन्द्र कार्यरत है।

2032. राजस्थान में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स फैक्ट्री स्थित है
(a) जयपुर में (b) कोटा में
(c) उदयपुर में (d) अजमेर में

RPSC-2011

Ans. (d) : राजस्थान में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स फैक्ट्री अजमेर में स्थित है। हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की स्थापना 1953 ई0 में की गयी थी इसका मुख्यालय बंगलुरू में स्थित है। यह भारतीय कंम्पनी अपनी विश्वसनीय गुणवत्ता के लिए प्रासिद्ध है।

2033. राजस्थान में प्रथम चीनी मिल प्रारम्भ की गई थी
(a) श्रीगंगानगर (b) उदयपुर
(c) भोपालसागर (d) केशोरायपाटन

RPSC-2011

Ans. (c) : राजस्थान में प्रथम चीनी मिल की शुरूआत 1932 ई0 में चित्तौड़गढ़ जिले के भोपालसागर नामक स्थान पर 'मेवाड़ मिल' लिमिटेड की स्थापना के साथ की गई थी। जो वर्तमान में बंद हो गयी है। यह एक निजी क्षेत्र की चीनी मिल थी।

2034. इनमें से कौन- सा सूती वस्त्र उद्योग का केन्द्र नहीं है?
(a) टोंक (b) भीलवाड़ा
(c) किशनगढ़ (d) ब्यावर

RPSC-2011

Ans. (a) : राजस्थान में टोंक जिला सूती वस्त्र उद्योग का केन्द्र नहीं है। जबकि भीलवाड़ा 1938), किशनगढ़ (मेवाड़ टेक्सटाइल मिल्स व्यावर (श्रीमहा लक्ष्मी मिल्स लिमिटेड़-1925) आदि अनेक सूती मिल्स कार्यरत है। ज्ञातव्य है कि राजस्थान में सबसे बड़ी सूती वस्त्र मिल्स महाराजा उम्मेद सिंह मिल्स (पाली) है। सूती सस्त्र उद्योग के लिए श्रेष्ट किस्म की कपास श्री गंगानगर जिले में बोई जाती है। श्री गंगानगर सर्वाधिक कपास उत्पादक जिला है।

2035. बिड़ला सीमेन्ट वर्क्स अवस्थित है–
(a) चित्तौड़गढ़ (b) कोटा
(c) बूंदी (d) निम्बाहेड़ा

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (a) : एम पी बिड़ला ग्रुप की बिड़ला सीमेन्ट वर्क्स कंपनी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ (चंदेरिया) में अवस्थित है।
अन्य राज्यों में स्थित संयंत्र–
• सतना मैहर- मध्य प्रदेश
• रायबरेली और कुंदनगंज –उत्तर प्रदेश

2036. राजस्थान का सबसे पुराना उद्योग कौन सा है?
(a) सीमेंट (b) चीनी
(c) सूती-वस्त्र (d) तांबा

RPSC RAS/RTS 1999-2000
RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015
RPSC- 1993

Ans. (c) : राजस्थान राज्य का सबसे पुराना उद्योग 'सूती वस्त्र' उद्योग है। राज्य में पहला सूती वस्त्र कारखाना 1889 को ब्यावर में सेठ दामोदर दास राठी व श्याम कृष्ण वर्मा के द्वारा 'द कृष्णा मिल्स लिमिटेड' के नाम से स्थापित किया गया था।

2037. राज्य में उद्यमिता की भावना जागृत करने हेतु सरकार ने 19-20 अगस्त को 'राजस्थान डिजी फेस्ट 2022' का आयोजन किस शहर में किया?
(a) उदयपुर (b) जोधपुर
(c) कोटा (d) जयपुर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (d) : राज्य में उद्यमिता की भावना जागृत करने हेतु सरकार ने 19-20 अगस्त को 'राजस्थान डिजी फेस्ट 2022' का आयोजन जयपुर में किया गया। इस दो दिवसीय डिजीफेस्ट-2022 में युवाओं ने अपने स्टार्ट अप के साथ बढ-चढ़कर हिस्सा लिया।

2038. निम्नलिखित (सीमेण्ड उद्योग–स्थान) में से कौनसा सुमेलित नही है?
(a) जे. के. सीमेन्ट–निम्बाहेड़ा
(b) मंगलम सीमेन्ट– मोरक
(c) श्री सीमेन्ट – ब्यावर
(d) बिड़ला व्हाइट सीमेन्ट–गोटान

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022